**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding sanctioning of Bilara Bar Railway line –laid.

**श्री पी. पी. चौधरी (पाली)**: यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में हमारे देश में रेलवे के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हुए है|

मैं सरकार का ध्यान वर्ष 1997 में तत्कालीन रेल मंत्री जी द्वारा जोधपुर जिले की महत्वपूर्ण बिलाड़ा से बर नई रेल लाइन की घोषणा की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि उक्त योजना का शिलान्यास किया जा चुका है, लेकिन कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं हो सका । बिलाड़ा से बर की दूरी केवल 46 कि.मी. मात्र है, यदि इन दोनों को रेलवे लाइन से जोड़ दिया जाता है तो हजारों की संख्या में लोगों को रेल सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा व जोधपुर-जयपुर-दिल्ली की दूरी भी बहुत कम होगी तथा जोधपुर से अजमेर को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी । इस सम्बन्ध में पश्चिमी राजस्थान के एम्स-जोधपुर, उद्योग विभाग, आर्मी हैडक्वाटर, जय नारायण व्यास विश्व विद्यालय, आदि महत्वपूर्ण संस्थानों द्वारा भी इस प्रोजेक्ट की महत्वता व आवश्यकता के बारे में लिखित रूप से बताया है । यह लाइन सामरिक दृष्टि से भी विशेष महत्व रखती है । इस सम्बन्ध में रेल मंत्रालय द्वारा कई बार सर्वे भी कराया जा चुका है । रेलवे बोर्ड द्वारा इसे सहमति के साथ प्लानिंग कमीशन में भेज दिया गया था, लेकिन प्लानिंग कमिशन द्वारा इस योजना को "कॉमर्शियली नौट वाईबल" बताकर छोड़ दिया जाता है| लगातार किये गए सर्वे की रिपोर्ट का विवरण सदन के सामने रख रहा हूँ

| Year of Survey | Cost of Project | Rate of Return (Percentage) |
|---|---|---|
| 1983 | 10.75 +1.75 | |
| 1992 | 47.57 | 0 |
| 1995 | 54.22 | - |
| 2011 | 204.83 | -10.95 |
| 2016 | 368.48 | -26.93 |
| 2021 | 507.23 | -9.94 |

अब इस क्षेत्र में काफी संख्या में में लाईम स्टोन, सीमेंट, हैण्डीक्राफ्ट आदि के उद्योग विकसित हो चुके है । इसी को ध्यान में रखते हुए विश्वस्तरीय राष्ट्रीय राजमार्ग भी इस क्षेत्र से होकर बनाया गया है । अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि इस आमजन हिताय और वर्षों से लम्बित बिलाड़ा-बर रेल लाइन की अतिशीघ्र स्वीकृत प्रदान करने की कृपा करें |